हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 20.7 डिग्री

12 पंजाब में बाढ़ राहत के लिए भेजी एक ट्रक सामग्री



12 भाजपा नेताओं ने इंडस्ट्रियल एरिया में लगाए 75 पेड़



## खबर संक्षेप

### कंबल फैक्टरी में मजदूर की नीचे गिरने से मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड के मोड पर कंबल फैक्टरी में शेड के उपर लगी सोलर प्लेट की सफाई करते हुए गांव रिसपुर निवासी 28 वर्षीय गुरूचरण नीचे भूमि पर आ गिरा और उसकी मौत हो गई। वहीं, मृतक के परिजनों ने फैक्टरी मालिक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। इधर, सनौली खुर्द थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर इस केस की जांच शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस जांच अधिकारी कृष्ण ने बताया कि गुरूचरण की मौत के मामले की जांच की जा रही है।

### कातिलाना हमले के दो आरोपी गिरफ्तार किए

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना में निजी अस्पताल के पास झगड़े में व्यक्ति पर चाकू से जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों आकाश व विनय को थाना इसराना पुलिस ने गिरफ्तार किया लिया है। वहीं, इसराना थाना प्रभारी महिपाल ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिन के रिमांड पर लिया है। जबकि इस केस में इसराना निवासी सूरज की शिकायत पर केस दर्ज है।

### अवैध रूप से शराब बेचता तस्कर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस टीम ने कुलदीप नगर में घर में अवैध रूप से शराब बेच रहे रोहित पुत्र सुशील को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से शराब की खेप बरामद की है। वहीं थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि रोहित पर केस दर्ज कर लिया है।

### लाखों की ठगी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिस टीम ने ऑनलाइन गेम का झांसा देकर लोगों से साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के दो आरोपियों माडल टाउन निवासी विपुल चोपड़ा व गंगाराम कॉलोनी निवासी सन्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से बडी संख्या में एटीएम कार्ड, पास बुक, लेपटाप, चैक बुक, लेखा जोखा कॉपी, मोबाइल फोन, हार्ड डिस्क, मोहर, डोंगल, नोट गिनने की मशीन व 1 लाख 27 हजार 675 रूपए कैश बरामद किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### गुरुकुल के खिलाड़ियों ने जीते दो रजत पदक

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता में दो रजत पदक जीतकर गुरुकुल का सम्मान बढ़ाया है। खिलाड़ियां के इस प्रदर्शन से गुरुकुल परिवार में उल्लास का वातावरण है, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी खिलाड़ियों को लड्डू खिलाकर बधाई दी।

## कृषि मंत्री ने गांवों में किया जनसंपर्क और सुनीं समस्याएं

# पीएम मोदी की सोच से देश बन रहा आत्मनिर्भर : राणा

25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पहुंचने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य और पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली और सोच के कारण देश तेजी से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हर नागरिक को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए ताकि भारत विदेशी वस्तुओं पर निर्भर न रहे। उन्होंने उक्त शब्द रादौर क्षेत्र के रादौरी समेत विभिन्न गांव में किए गए जनसंपर्क के दौरान कहे।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा का नेतृत्व सशक्त और निष्ठावान है। जिसके कारण देश और प्रदेश विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है और वे जनता की समस्याओं को हल करने के लिए सेवक की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर रादौर की अनाज मंडी में आयोजित सुबह की सैर कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा सरकार सुशासन, विकास और अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास का मंत्र प्रदेश में साकार हुआ है।



**यमुनानगर।** गांव अलाहर में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। *फोटो : हरिभूमि*

**सफाई का अनुरोध**

वहीं, अलाहर में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने ग्रामीणों से अपने घर, गली, गांव और सार्वजनिक स्थलों को साफ. सुथरा रखने की जिम्मेदारी निभाने के लिए अनुरोध किया।

### बच्चे को फुसलाकर ले रहा था आरोपी, रेलवे स्टेशन पर किया काबू

**अंबाला।** जीआरपी टीम ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग के एक मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दिल्ली के आरोपी एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान के दौसा से 11 साल के बच्चे को बहला-फुसलाकर ट्रेन में अपने साथ अमृतसर ले जा रहा था। लेकिन अंबाला रेलवे स्टेशन पर पुलिस की चेकिंग देखकर आरोपी ने बच्चे को वहीं छोड़ दिया। यहां से आरोपी ने भागने की कोशिश की।

जीआरपी ने तुरंत आरोपी को पकड़ लिया। उसके खिलाफ केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। बच्चे की गुमशुदगी के बाद से उसके माता-पिता काफी परेशान थे। उन्होंने स्थानीय थाने में इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अपने बेटे को ढूंढा लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इधर जीआरपी ने जब उसके परिजनों को फोन कर बच्चे की सूचना दी तो वे तुरंत अंबाला के लिए निकल गए। जीआरपी थाने के एसएचओ हरीश कुमार के अनुसार अंबाला छावनी जीआरपी इन दिनों लगातार रेलवे स्टेशनों पर चेकिंग अभियान चला रही है।

# ज्यूडिशियल मालखाने में रखे नशीले पदार्थ सील



**पानीपत।** एडीजीपी डॉ एम. रवि किरण, जुडिशियल मालखाना में रखे पदार्थों की जांच करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**पानीपत।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) करनाल मंडल, करनाल डॉ एम. रवि किरण, शुक्रवार को पानीपत पहुंचे। इस दौरान पुलिस लाइन स्थित जुडिशियल मालखाना में रखी एनडीपीएस एक्ट मामलों में बरामद केस प्रॉपर्टी उनके द्वारा चेक करने उपरांत सील की गई। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पानीपत पुलिस द्वारा 67 मामलों में बरामद किया गया नशा जिसमें गांजा, चरस, हेरोइन, स्मैक, चूरा पोस्त, अफीम व इंजेक्शन शामिल है, को नष्ट किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, एडीजीपी डॉ एम. रवि किरण द्वारा पुलिस लाइन स्थित जुडिशियल मालखाना की जांच की गई है। इस दौरान मालखाने में सुरक्षित रखे गए माल मुकदमें का रजिस्टर में अंकित मद अनुसार मिलान किया गया। उक्त एनडीपीएस के सभी मामले कोर्ट में विचाराधीन चल रहे है। इनके नमूने सुरक्षित रखने उपरांत माल मुकदमा को नियमानुसार कार्रवाई दौरान नष्ट किया जाना है जांच प्रक्रिया उपरांत मुख्य मालखाना कक्ष के लॉक को एडीजीपी डॉ एम. रवि किरण द्वारा सील कर दिया गया।

*मनोहर लाल ने किया सम्मानित*

# बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ ट्रस्ट को 11 लाख का योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीपीसी) के पूर्व एक्जीक्यूटिव मेंबर एवं समाजसेवी-उद्योगपति गुरुप्रसाद सिंह को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने सम्मानित किया। बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ ट्रस्ट की बैठक के दौरान मिला।

बैठक में गुरुप्रसाद सिंह ने ट्रस्ट को 11 लाख रुपए का योगदान दिया। इस राशि का चैक उन्होंने ट्रस्ट के चेयरमैन तथा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को भेंट किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने ट्रस्ट परिसर में पौधरोपण के निर्देश दिए और साथ ही ट्रस्ट का फेसबुक पेज बनाने की बात भी कही। उल्लेखनीय है कि गुरुप्रसाद सिंह देश के जाने-माने समाजसेवी और उद्योगपति हैं। वे सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं।




**करनाल।** गुरुप्रसाद सिंह को सम्मानित करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

### विदेश भेजने का झांसा देकर 35 लाख ठगे

**इसराना।** पानीपत के गांव कवि निवासी कपिल पुत्र रामेश्वर बांगड़ के साथ तीन लोगों ने विदेश भेजने का झांसा देकर 35 लाख ठग लिए। कपिल ने बताया कि कुलदीप, अमरजीत व वजीर सिंह ने उसे विदेश भेजने का झांसा दिया और कानूनी रूप से विदेश भेजने की एवज में 35 लाख की मांग की।

कपिल, तीनों आरोपियों के झांसे में आ गया और उसने कुलदीप, अमरजीत व वजीर सिंह को रूपये सौंप दिए। जबकि तीनों ने उसे विदेश भेजने के मामले में कोई प्रयास नहीं किए। कपिल ने कुलदीप, अमरजीत व वजीर सिंह से अपने विदेश जाने की जानकारी मांगी तो उन्होंने, कपिल को हत्या करने की धमकी दी।

# करनाल प्रवास पर आए राज्यपाल घोष

- राज्यपाल ने पीएचसी में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष अपने दो दिवसीय करनाल प्रवास के दौरान घरौंडा क्षेत्र के गांव खरकाली स्थित सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पहुंचे। राज्यपाल के पीएचसी पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

राज्यपाल ने सबसे पहले पूरे पीएचसी का निरीक्षण किया और अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल में आए मरीजों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही मरीजों को खाद्य वस्तुओं की किट भी वितरित की। उन्होंने चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे और अधिक समर्पण भाव से कार्य करें, क्योंकि मरीजों की सेवा करना ही वास्तव में भगवान की सेवा है।बाद में पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि उन्होंने आज पीएचसी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राज्यपाल ने पुनः दोहराया कि स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य सिर्फ इलाज करना ही नहीं, बल्कि मरीजों को स्वस्थ बनाकर घर भेजना है।



# कार की टक्कर लगने से युवक की मौत

- बूडिया रोड जगाधरी के पास हुआ हादसा, कार चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के बूडिया रोड जगाधरी के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ग्रीन विहार कॉलोनी निवासी जय प्रकाश अर्जी ने शहर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित बूडिया रोड जगाधरी निवासी 30 वर्षीय नेपाल अर्जी रात को काम से घर लौट रहा था। जब वह घर के नजदीक पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। नेपाल अर्जी के मुंह व सिर से खून निकलने लगा। आरोपी कार चालक कुछ देर मौके पर रूकने के बाद वहां से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान नेपाल की मौत हो गई।

### घर में घुसकर महिला के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने एक घर में घुसकर महिला के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया।

व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 33 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 सितंबर की रात को वह घर पर अकेली थी। इस दौरान रात साढ़े दस बजे उनके गांव का ही युवक जतिन उनके घर में घुस गया। आरोपी ने उसे घर पर अकेली पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसके शोर मचाने पर आरोपी युवक उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी।

*नेशनल सिनेमा डे पर वर्कशॉप*

# उम्दा कंटेंट व कार्य के प्रति ईमानदारी से अच्छे सिनेमा का निर्माण संभव : विवेक गौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में हुए वर्कशॉप ऑन नेशनल सिनेमा डे के तहत एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के सभागार किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि सिनेमा समाज का दर्पण है और दर्पण में वही दिखता है जैसा समाज हम देखना चाहते है। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा ने भारतीय संस्कृति और सभ्यता को विदेशों में अमिट छाप छोड़ी जिसका श्रेय विभिन्न भाषाओं में बनने वाली फिल्मों के अच्छे कंटेट और निर्माण शैली को जाता है। इस अवसर पर संस्थान के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. अभिनव, डॉ. कंवरदीप, गौरव कुमार, सुनिता, रीतु, अमित जांगड़ा, सचिन वर्मा, प्रीति, मोनिका, राहुल अरोड़ा, सन्नी जांगड़ा, नितिन चावला के साथ संस्थान में संचालित जनसंचार, मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स एंड एनिमेशन, प्रिंटिग एंड पैकेजिग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।




**फिल्में पहले से अधिक**

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने हरियाणवी सिनेमा को आगे बढ़ाने के लिए जो फिल्म नीति बनाई है उससे हरियाणवी बोली में बनने वाले फिल्मों का निर्माण पहले से अधिक संभव हुआ। बतौर मुख्य अतिथि जाने-माने फिल्म निर्देशक, लेखक, आईटी प्रोफेशनल विकास गौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय सिनेमा अपनी फिल्मों, सीरियलों, टेलीफिल्मों, डॉक्यूमेंट्रीज, रंगमंचों के माध्यम से भारत की कला संस्कृति को जन-जन तक पंहुचाने का कार्य करता आ रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा।

## एलसीएलओ-सीपीएलओ कर्मचारी यूनियन ने दिया धरना

# बेरोजगारों के साथ धोखा किया गया : नीतू

- करीब चार हजार एलसीएलओ को 12 महीने से न काम मिला और न ही वेतन : राज्य प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ए ल सी ए ल ओ - सी पी ए ल ओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय के सामने कर्मचारियों ने धरना दिया।

धरने की अध्यक्षता यूनियन राज्य प्रधान नीतू ने की ओर संचालन पवन कुमार ने की। धरने को यूनियन नेताओं के अलावा सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान, जिला नेता अनिल कुमार, सुनील रत्न, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओम प्रकाश, हेमसा राज्य प्रधान संदीप सांगवान, रिटायर्ड कर्मचारी संघ राज्य ऑडिटर महावीर प्रसाद दहिया, आशा वर्कर्स की जिला प्रधान मंजीत एवं सचिव पिंकी, ब्लाक प्रधान सर्व कर्मचारी संघ थानेसर विशाल सैन आदि नेताओं ने धरने को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि करीब चार हजार एलसीएलओ को 12 महीने से न काम मिला और न ही वेतन। नौकरी का विज्ञापन और टेस्ट सीपीएलओ की पोस्ट के लिए। ऑफर लेटर में बनाई दो केटेगरी। यह बेरोजगारों के साथ धोखाधड़ी है। संगठन नेताओं ने कहा कि हम पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान मुख्यमंत्री लेकर सभी अन्य अधिकारियों एवं मंत्रियों से मुलाकात कर चुके हैं। लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है।

उन्होंने बताया कि इस भर्ती के लिए एक हजार रूपए फार्म फीस थी और करीब दस लाख युवाओं ने आवेदन किया था। इससे सरकार के पास करीब 100 रुपए प्रति फॉर्म फीस एकत्रित हुई।



**कुरुक्षेत्र।** धरने पर बैठे कर्मचारी।

**मांगों का समाधान हो**

पहले प्री एग्जाम हुआ और उसको क्लीयर करने के उपरांत ही नकारात्मक अंकों के साथ मेन एग्जाम हुआ। जिसके बाद करीब सात हजार सीपीएलओ का चयन किया गया। लेकिन विभाग ने आधे को सीपीएलओ का और आधे को एलसीएलओ की ऑफर ऑफ अप्वाइंटमेंट पत्र दिया। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह गलत और बेरोजगारों के साथ धोखा है। यूनियन राज्य प्रधान नीतू और महासचिव पवन कुमार ने कहा कि सरकार हमारी मांगो का समाधान करे।

### सूदखोरी मामले का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने सूदखोरी मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल मार्ग निर्देश में थाना केयूके पुलिस टीम ने सूदखोरी मामले के आरोपी कश्मीर सिंह वासी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शिकायत में राम कुमार वासी कालेज कालोनी कुरुक्षेत्र ने बताया कि 6 मार्च 2021 को उसने कश्मीर सिंह वासी कुरुक्षेत्र से 4.50 लाख रुपये की राशि 3 रुपए प्रति सैंकड़ा की दर से ब्याज पर ली थी।

उसने यह राशि अपने मकान जिसकी रजिस्ट्री उसकी पत्नी के नाम है को बतौर जमानत रखकर ली थी। उसने हर माह का ब्याज आरोपी को समय से दिया था। 21 फरवरी 23 को उसने बकाया राशि 2 लाख 34 हजार आरोपी को दे दिए थे। ब्याज और मूल की रकम वापस करने के बाद उसने आरोपी से मकान की रजिस्ट्री मांगी तो वह आनाकानी करने लगा। अब आरोपी उसको घर खाली करने को कह रहा है।

# रूस भेजने के नाम पर हड़पे 9.76 लाख रुपये

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रूस भेजने के नाम पर दो युवकों व एक युवती से नौ लाख 76 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप विकास कुमार व आशीष पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव सबीलपुर जट्टान निवासी जगदीश ने थाना छप्पर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी लड़की रूपल पढ़ाई के लिए विदेश जाना चाहती थी।

इस दौरान उसे पता चला कि विकास कुमार युवकों को विदेश भेजने का काम करता है। वह अपनी बेटी के साथ आरोपी विकास से मिला। आरोपी ने उसे बताया कि वह बहुत से युवकों को पढ़ाई व रोजगार के लिए विदेश भेज चुका है। वह उसकी लड़की रूपल को भी रूस भेज देगा। जहां पर वह पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी भी कर सकती है। वह आरोपी की बातों में आ गया।

**सफाई का अनुरोध**

आरोपी ने पीड़ित से गत 13 मई से 26 जून के बीच तीन लाख 36 हजार रुपये और उसकी बेटी के दस्तावेज ले लिए। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसकी लड़की को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपी से रूपये वापस मांगे तो उसने रूपये देने से मना कर दिया। उधर, गांव पंजेटो निवासी अरूण कुमार तथा गनौली निवासी इसरार से भी रूस भेजने के आश्वासन पर आरोपी ने छह लाख 40 हजार रुपये व उनके दस्तावेज ले लिए। मगर इसके बाद आरोपी ने उन्हें विदेश नहीं भेजा।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का 13 दिसंबर को

**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय की सभी अदालतों मे 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम डॉ. इरम हसन ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अदालत मे लंबित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है। लोक अदालत मे फैसला होने पर मुकदमे की अपील नहीं की जाती। इससे आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है और समय व धन की भी बचत होती है। अधिक जानकारी हेतू हेल्पलाइन नं. 0184.2266138 व नालसा हेल्पलाइन नं. 15100 पर संपर्क कर सकता है।



सीजेएम डॉ. इरम हसन।

### सांसद खेल महोत्सव के लिए युवाओं को दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** महात्मा ज्योतिबा फूले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में आज सांसद खेल महोत्सव पंजीकरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर और उन्हें सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना था। कार्यक्रम के दौरान नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से कृष्मन सिंह सैनी ने छात्रों को सांसद खेल महोत्सव की विस्तृत जानकारी दी और छात्रों का रजिस्ट्रेशन करवाया।

### श्रीकृष्ण आयुष विवि में रक्तदान शिविर 24 को

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में एनएसएस यूनिट द्वारा 24 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयुष विवि के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने जानकारी देते हुए कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है। विशेष रूप से चैत्र मास में रक्तदान करना शरीर के लिए अत्यंत लाभकारी माना जाता है। इससे शरीर की अशुद्धियां निकलती हैं और रक्त बनाने की क्षमता और बेहतर होती है।

### दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना 25 से होगी शुरू

**कुरुक्षेत्र।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने बताया कि आगामी 25 सितंबर को हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना हरियाणा राज्य में महिलाओं के लिए शुरू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य वित्तीय स्वतंत्रता को मजबूत करके और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करके महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है. जिससे उनकी समग्र भलाई और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा मिले. और महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके।

### स्कूल में सिनेर्जी कैंप का आयोजन किया

**लाडवा।** लाडवा के संत निश्चल सिंह प्ले स्कूल में शुक्रवार को सिनेर्जी कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ईकोस्कूल एस्ट्रोनॉमी द्वारा मोबाइल प्लेनेटेरियम लगाया गया, जिसमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अंतरिक्ष, ग्रहों और तारों की अद्भुत दुनिया का अनुभव किया। इस गतिविधि ने बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और रुचि को बढ़ावा दिया। कैंप में विभिन्न रोचक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें पपेट शो, ट्रेजर हंट, डांस और इंडोर गेम्स शामिल थे।

### शिक्षक अपने अथक प्रयासों से भावी प्रतिभाओं का करते सृजन

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल सेक्टर-3 के आमंत्रण पर सीईओ साजिद तैयब अली विद्यालय पधारे। उनका स्वागत एमडी परमिंदर सिंह बाठ, डायरेक्टर चेष्टा सलूजा तथा लिटिल मिलेनियम की सीएलओ ज्योति खनेजा ने किया।

## विधायक रामकुमार कश्यप ने सेवा पखवाड़ा के तहत किया पौधरोपण

# पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए धरती पर अधिक से अधिक पौधे लगाना जरूरी

**इंद्री ऑक्सीवन में सेवा पखवाड़ा और नमो पौधारोपण का आयोजन**

**250 से अधिक पौधे रोपित किए गए और बच्चों व अन्य लोगों को वितरित भी किए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंद्री



वन अभियान के तहत वन विभाग द्वारा इंद्री ऑक्सीवन में सेवा पखवाड़ा और नमो पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने शिरकत की और पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर 250 से अधिक पौधे रोपित किए गए और बच्चों व अन्य लोगों को पौधे भी वितरित किए। इस दौरान विधायक ने ऑक्सीवन का दौरा किया और वन अधिकारी पवन शर्मा से वहां लगाए गए पेड़ों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। पौधे सिर्फ प्रकृति की सुंदरता नहीं, बल्कि हमारे जीवन का आधार भी हैं।



ऑक्सीवन इंद्री में बच्चों को पौधे वितरित करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

**ऑक्सीवन इंद्री में सघन वन कार्यक्रम के तहत लगाए**

*डीएफओ पवन शर्मा ने बताया कि इस ऑक्सीवन में सघन वन कार्यक्रम के तहत लगभग 10 हजार पेड़-पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर हम सिर्फ पेड़ नहीं उगाते, बल्कि जीवन और भविष्य को भी संवारते हैं। हर एक पौधा हमारे पर्यावरण को हरा-भरा और स्वस्थ बनाने में मदद करता है। यह एक छोटा सा कदम है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। हमें अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए, अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए ताकि वे बड़े होकर हमें स्वच्छ हवा, पानी और जीवन दे सकें। इस मौके पर रेंज अधिकारी रजत पंचाल, संजीव, वन दरोगा अमित, साहिल, रामकुमार, राकेश जांगड़ा, मौजूद रहे।*

### जीवन के लिए पौधे जरूरी

विधायक ने कहा कि अगर हम आज पौधे लगाएंगे, तभी हमारी आने वाली पीढ़ी स्वच्छ हवा में सांस ले पाएगी। हर पौधा भविष्य में हमारे लिए ऑक्सीजन का सहारा बनेगा। उन्होंने लोगों से पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने और शुद्ध रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना केवल एक कर्तव्य नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे हम सभी को मिलकर निभाना चाहिए।

**पेड़-पौधे धरती का संतुलन बनाने में सहायक**

प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। अगर खुली हवा में सांस लेना है तो पौधे सभी को अवश्य लगाने चाहिए।



इंद्री। इंद्री के गांव भादसों में लगे चिकित्सा शिविर में लोगों को संबोधित करते विधायक राम कुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

## गांव भादसों में नि:शुल्क हेल्थ कैंप का विधायक ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने सेवा पखवाड़ा के तहत गांव भादसों में लगाए गए निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ किया। उन्होंने शिविर में स्वयं की भी चिकित्सा जांच करवाई। इस दौरान विधायक ने शिविर का अवलोकन किया और उपस्थित विशेषज्ञों व स्वास्थ्य कर्मचारियों तथा शिविर में आये लोगों से बात की। चिकित्सा शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, नेत्र जांच, कोलेस्ट्रॉल, रक्त जांच सहित अन्य टेस्ट निशुल्क करने के साथ-साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों को उचित परामर्श और दवाओं का नि शुल्क वितरण किया गया। उन्होने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर, विधानसभा स्तर पर और गांव स्तर पर आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। ऐसे कैंपों के जरिए हम दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक पहुंच पाते हैं, जिन्हें अक्सर बड़े अस्पतालों में जाने में कठिनाई होती है।

इस दौरान स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर, पौधारोपण, प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, सेवा व संकल्प रैलियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल कैंप सेवा पखवाड़े का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य

## कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए किसान जमा करवाएं दस्तावेज

- सहायक कृषि अभियन्ता कार्यालय में आज दस्तावेज जमा करवा दें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

कृषि उप निदेशक डॉ वजीर सिंह ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2025-26 के तहत कृषि यंत्रों जैसे कि सुपर एसएमएस, बेलिंग मशीन, हैप्पी सीडर, रोटरी स्लेशर /श्रब मास्टर, पैडी स्ट्रॉ चोपर/ मल्चर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एम0 बी0 प्लो, जीरो टिल ड्रिल, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, ट्रैक्टर चालित/ स्वचालित क्रॉप रीपर / रीपर कम बाईंडर, लोडर व टेडर मशीन पर अनुदान हेतु चयनित जिन किसानों द्वारा उनका पैन कार्ड, ट्रैक्टर की आर. सी., शपथ पत्र अपूर्ण या अपलोड नहीं किये गए हैं तो वे किसान सहायक कृषि अभियन्ता कार्यालय में 20 सितंबर 2025 तक अपने दस्तावेज जमा करवा कर अपना ऑनलाइन परमिट प्राप्त कर सकते हैं। सहायक कृषि अभियंता कुलबीर सिंह ने बताया कि जिन किसानों को उनका ऑनलाइन परमिट प्राप्त नहीं हुआ है, वे कार्यालय में अपना पैन कार्ड, ट्रैक्टर की आर. सी.( केवल हरियाणा में पंजीकृत) एवं शपथ पत्र जमा करवा कर अपना ऑनलाइन परमिट प्राप्त कर लें। यदि किसान ने समय पर अपने दस्तावेज पूर्ण करके परमिट प्राप्त नहीं किया तो उस किसान का परमिट रद्द कर दिया जाएगा।



कृषि उप निदेशक डॉ वजीर सिंह।

## सुरेन्द्र घुम्मन तीसरी बार सर्वसम्मति से बने भाकियू के जिला अध्यक्ष

- दीनबंधु सर छोटू राम किसान भवन में किया जिला स्तरीय बैठक का आयोजन, 15 सदस्यीय कमेटी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

स्थानीय दीनबंधु सर छोटू राम किसान भवन में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वाधान में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर ने की। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान विशेष तौर पर मौजूद रहे। करीब तीन घंटे चली बैठक में भाकियू की जिला स्तरीय कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें सरदार सुरेन्द्र सिंह घुम्मन को तीसरी बार जिला प्रधान की जिम्मेदारी मिली है।



करनाल। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रतनमान।

बैठक में जिलाभर से सैंकड़ो किसान शामिल रहे। सर्वसम्मती से गठित की गयी कार्यकारिणी की भाकियू के पूर्व प्रदेश संगठन सचिव श्याम सिंह मान ने घोषणा की। ज पूर्व कोर कमेटी के चेयरमैन यशपाल राणा व पूर्व जिला चेयरमैन साहब सिंह बाजवा तथा पूर्व प्रवक्ता सुरेन्द्र सांगवान के नाम का प्रदेश कार्यकारिणी के लिए अनुमोदन किया गया है। नवनियुक्त कमेटी में नामित किये गये सभी पदाधिकारियों को वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि किसान मजदूर के हकों के आन्दोलन में ईमानदारी से अपनी भूमिका निभाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि गत 22 जून को भाकियू के जींद स्थित किसान भवन में राष्ट्रीय महासचिव युधवीर सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी प्रकोष्ठ व जिला कमेटियों को भंग कर दिया गया था। जिसके चलते प्रदेश के सभी जिलो में जनरल बॉडी की कार्यकारिणीयों का गठन किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जींद, पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र व जिला करनाल की कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है। रतनमान ने कहा कि प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए नये सिरे से कमेटियों का गठन किया जा रहा है। नये व पुराने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संगठन में कार्य करने का मौका दिया जा रहा है। इस अवसर पर जोगिन्द्र झींडा, रणजीत सिंह, सतबीर सिंह, जोगिन्द्र बस्तली, राजिन्द्र राणा, धनेतर राणा, रामफल नरवाल नरुखेडी, रणबीर कतलाहेडी, दिलावर सिंह डबकोली, डॉ सत्यवीर तौमर, रामेश्वर दादुपुर, कुलदीप राणा, देवेन्द्र सांगवान, विनोद राणा सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

**नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी**

*डिसमें सर्वसम्मती से चौधरी नेकी राम मंढान को जिला करनाल का प्रभारी, चौधरी बाबुराम डाबरथला को जिला संरक्षक, सरदार सुरेंद्र सिंह घुम्मन को जिला प्रधान, सतीश कुमार कांबोज को उप प्रधान, सरदार सेवा सिंह गौराया को उप प्रधान, संजीव कुमार सैनी को उप प्रधान तथा सुरेंद्र बेनीवाल को महासचिव, राजकुमार नौतना को कोषाध्यक्ष, रमेश पंवार को संगठन सचिव नियुक्त किया गया। इसी प्रकार मुकेश राणा व रितिक मढाढ को मीडिया सचिव व सरदार परगट सिंह को प्रचार मंत्री, राम दुरेजा को सचिव, सुरेंद्र सांगवान को प्रवक्ता और बलबीर सिंह तेवतिया को कानूनी सलाहकार नामित किया गया।*

## सेवा पखवाड़ा में जनकल्याणकारी नीतियों की दी जा रही जानकारी

- अभियान का उद्देश्य है की ज्यादा से ज्यादा लोग सरकारी योजनाओं का भाग लें सकें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि गत 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के तहत विभाग द्वारा विशेष प्रचार अभियान जिले में चलाया हुआ है। उन्होंने बताया कि यह विशेष प्रचार अभियान सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक एमके पांडुरंग के निदेर्शानुसार तथा उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मार्गदर्शन में आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से निरंतर जागरूक करते हुए अपडेट कर रहा है ताकि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि यह विशेष प्रचार अभियान आगामी 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसके साथ-साथ आमजन को प्रशासन द्वारा जिला व उपमंडल स्तर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों बारे भी जानकारी प्रदान की जा रही है। विभाग की इस टीम में ड्रामा निरीक्षक विजय कुमार, जगदीश चंद्र एलबीपी, कलाकार राजकुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार, शीश राम,सुमन प्रकाश सहित सूचीबद्ध भजन पार्टी के कलाकार गांव-गांव जाकर अभियान के तहत प्रचार-प्रसार करने का काम निरंतर कर रहे है।



### कार्यक्रमों का एक शेड्यूल तैयार

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में विभागीय व सूचीबद्ध भजन पार्टियों और सूचीबद्ध ड्रामा पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत विशेष प्रचार अभियान के तहत आमजन को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का एक शेड्यूल तैयार किया गया है।

### खेल महाकुंभ में बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का छात्र चयनित

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य सरकार के खेल विभाग की ओर से चल रहे खेल महाकुंभ में बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं के छात्र निश्चयजीत का 16 सितम्बर को टीम काता में चयन ने पूरे विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

गौरतलब है कि इस खेल महाकुंभ का राज्य स्तरीय आयोजन 24 से 26 सितम्बर को पंचकुला में होने जा रहा है जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस महाकुंभ की एक बड़ी विशेषता यह है कि इस में संपूर्ण हरियाणा से 39 खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें दस वर्ष की आयु से लेकर चालीस वर्ष तक की आयु के खिलाड़ियों ने एक दूसरे से प्रतिद्वंद्विता करते हुए खुद को साबित किया।

## श्री घण्टाकर्ण मासिक संगम में आज उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

प्रत्येक माह की चौदस को होता है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

इन्द्री रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन शनिवार 20 सितंबर को शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी श्री जागृति जी महाराज की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं। देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। इस अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालु देव कृपा से अपने मनोरथों की पूर्ति हेतु आशीर्वाद लेने के लिए उपस्थित होंगे।



श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान का दृश्य।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

प्रातः कालीन आरती सुबह 7:30 बजे होगी तथा सांयकालीन सांय 5:30 बजे होगी। विशेष कृपा प्राप्ति प्रसंग पर सत्संग, भजन-कीर्तन का भक्तिमय कार्यक्रम सुबह 8:30 बजे से 11बजे तक रहेगा। कार्यक्रम के उपरांत महाआरती होगी। इस महाआरती एवं सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज का लाभ राजन मनोज जैन मैसर्स जय पारस इंडस्ट्रीज तथा श्री अरिहंत एग्रो इंडस्ट्रीज मालेरकोटला निवासी द्वारा लिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बृहत श्री घण्टाकर्ण स्तोत्र सुनाया जाएगा।

### सांसद नवीन जिन्दल नमोः युवा रन की अध्यक्षता करने पहुंचेंगे

**कुरुक्षेत्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित नमोः युवा रन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। नमोः युवा रन की अध्यक्षता करने के लिए सांसद नवीन जिन्दल भी पहुंचेंगे। सांसद नवीन जिन्दल स्वयं एक खिलाड़ी हैं और खेलों के प्रति उनका विशेष लगाव है। उनका मानना है कि युवाओं को खेलों से जोड़कर ही नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखा जा सकता है। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि यह नमोः युवा रन युवाओं की सोच और ऊर्जा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है नशामुक्त और विकसित भारत, और इस सपने को पूरा करने में युवा सबसे बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन

# छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से किया सभी को सराबोर

- विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का भव्य, सुन्दर एवं आकर्षक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया एवं अपनी खूबसूरत प्रस्तुतियों के साथ सब का मन मोह लिया और विभिन्न पुरस्कार जीते। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबन्ध समिति के प्रधान स. कंवर जीत सिंह प्रिंस ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी अत्यंत प्रतिभाशाली हैं और कॉलेज द्वारा उन्हें हर संभव सुविधा तथा प्रोत्साहन प्रदान किया जाता हैं। प्रबन्धन समिति की उपप्रधान के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कालेज की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कॉलेज से पढाई करके अनेक विद्यार्थी देश, विदेश में कला और संगीत के क्षेत्र में विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने हरियाणवी, पंजाबी फिल्मी गीतों पर नृत्य किया और गायन भी प्रस्तुत किया। एकल नृत्य में आरती ने पहला, अंकिता ने दूसरा तथा महक ने तीसरा पुरस्कार जीता। संभाषण में महकप्रीत कौर ने पहला, आदित्य ने दूसरा तथा नयन ने तीसरा पुरस्कार जीता । पेटिंग में महक ने पहला, नवरूप ने दूसरा, अंशिका गुप्ता ने भी दूसरा तथा सुजाता ने तीसरा पुरस्कार पीला। मोनो एक्टिंग में महक ने पहला, महकप्रीत ने दूसरा तथा इन्द्रजीत ने तीसरा पुरस्कार जीता। प्रश्नोत्तरी में सर्वजीत, अन्नु, मुस्कान ने पहला, खुशी परनीत व अंजलि ने दूसरा तथा अंशु, ईशा और नयन ने तीसरा पुरस्कार जीता। मंच का संचालन सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी डॉ. बीर सिंह तथा संगीत के आचार्य डॉ. कृष्ण अरोड़ा ने सफलतापूर्वक किया। भूमि सिंह की मिस कालेज तथा इन्द्रजीत को मिस्टर कालेज चुना गया जबकि वंश को मिस्टर पर्सनलटी तथा मनप्रीत कौर को मिस पर्सनलटी चुना गया। प्रो अन्जु चौधरी, श्रीमती दिनेश डोगरा, प्रो. प्रीति, डॉ. अजय, प्रो. प्रदीप, डॉ. बलजीत कौर, डा. प्रवीण कौर, डॉ. अमरजीत कौर, प्रो. चेष्टा, डॉ. दीपक, प्रो. मनीष, प्रो. रमन भट्टी तथा डॉ. जतिन्दरपाल सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम देर सायं तक चलता रहा और सभी ने इसका लुत्फ उठाया।






करनाल। प्रतियोगिता के दौरान नृत्य पेश करती हुई छात्राएं व उपस्थिति। फोटो : हरिभूमि

### ग्रुप डांस के विजेता

ग्रुप डांस में पवनदीप एण्ड पार्टी ने पहला, महक एण्ड पार्टी ने दूसरा तथा प्रभजोत एण्ड पार्टी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गायन में कुणाल तथा कशिश ने पहला, अर्शिया गांगुली ने दूसरा तथा खुशप्रीत सिंह ने तीसरा पुरस्कार जीता। कविता-पाठ में नयन में पहला, महकप्रीत ने दूसरा तथा सिमरन ने तीसरा पुरस्कार जीता।

## खबर संक्षेप

### जेल में कैदियों ने बनाया फर्नीचर

**पानीपत।** पानीपत जिला जेल की उद्योगशाला में बंदियों द्वारा बनाई गई कुर्सियों, मेज, स्टूल आदि की सप्लाई केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के पानीपत जिला सचिवालय स्थित कार्यालय में की गई है। जबकि उपायुक्त कार्यालय में भी कुर्सियां व टेबल भेजे गए है। जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि इन सभी कुर्सियों, टेबलों व स्टूलों का करीब 6 लाख 32 हजार 905 रुपये का आर्डर जिला जेल को मिला था। जबकि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय का ऑर्डर पर कार्य चल रहा है।

### शिकायतों का जल्द निपटारा हो

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमित अग्रवाल ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने जनता समाधान शिविरों में आ रही शिकायतों की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान करना है और अगर इसमें देरी होती है तो अधिकारी स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

### अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई

**इसराना।** जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) सुमित मलिक के नेतृत्व में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान लगभग 18 एकड़ क्षेत्र में फैली दो अवैध कॉलोनियों तथा एक निर्माणाधीन ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं, यह कार्रवाई राजस्व एस्टेट इसराना, बलाना और डाहर में की गई। अभियान के दौरान ब्लॉक टाइल्स नेटवर्क को हटाया गया तथा सभी अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया गया।

### ब्रह्माकुमारीज ने सत्संग किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव झाम्बा के शिव मंदिर में ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा शिव परमात्मा का परिचय और उनको याद करने से प्राप्तियां विषय पर सत्संग का आयोजन किया गया। बीके मनीषा बहन ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिव परमात्मा ही सभी आत्माओं के पिता हैं। वह निराकार, ज्योति बिंदु स्वरूप हैं और उनका धाम परमधाम है। जब हम सच्चे मन से उनका स्मरण करते हैं, तो हमारे मन से नकारात्मक विचार समाप्त होकर आत्मा शांति और शक्ति का अनुभव करती है।

### खंडर हुआ सेवा केंद्र का भवन

**पानीपत।** सनौली खुर्द खंड के अंतर्गत आने वाले गांव झांबा में शिव मंदिर राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के सामने लाखों रुपये की लागत से बनाए गए राजीव गांधी सेवा केंद्र का भवन बिना देखरेख व रखरखाव के खंडर होता जा रहा है इसकी और प्रशासन व ग्राम पंचायत का कोई ध्यान न होने से सरकार का लाखों रुपया साथ लगते जोड़ में डूब रहा है। इधर, बीडीपीओ शक्ति सिंह कहा कि इस भवन की मरम्मत करवा कर सदुपयोग किया जाएगा।

### हेल्थ कैंप में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** पानीपत के गांव खोजकीपुर के उप स्वास्थ्य केन्द्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बापौली की तरफ से स्वच्छ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत हेल्थ कैंप लगाया गया। कैम्प में चिकित्सा अधिकारी डा कोमल द्वारा मरीजों के इलाज के साथ गर्भवती महिलाओं का चेकअप भी किया गया। कैंप में स्वास्थ्य निरीक्षक सुशील कुमार, फार्मेसी अधिकारी प्रेम सिंह, नर्सिंग अधिकारी सचिन कुमार, आईए मनोज कुमार सागर, राजकुमारी, जितेन्द्र कुमार व गांव की सभी आशा वर्कर्स उपस्थित रही।

### दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना 25 से होगी शुरू

**कुरुक्षेत्र।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने बताया कि आगामी 25 सितंबर को हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना हरियाणा राज्य में महिलाओं के लिए शुरू की जा रही है।

## उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश दिए

# पराली जलाने पर किसान व अधिकारी दोनों होंगे जिम्मेदार

■ सरकार किसानों को पराली प्रबंधन के लिए हर संभव साधन उपलब्ध करा रही



पानीपत। बैठक करते हुए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में कृषि विभाग, मार्केट कमेटी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि इस बार जिले में पराली जलाने की घटनाओं को हर हाल में रोकना है। किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि यदि कहीं पराली जलाने की घटना सामने आती है तो संबंधित किसान पर कानूनी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज होगी। डॉ. दहिया ने कहा कि सरकार किसानों को पराली प्रबंधन के लिए हर संभव साधन उपलब्ध करा रही है। विशेषकर बेलरों की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसानों को आसानी से पराली प्रबंधन के विकल्प मिल सकें और उन्हें पराली जलाने की नौबत ही न आए।

### गांव-गांव में मनादी कराई जाए

डॉ. दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव-गांव में मनादी कराई जाए, लोगों को पराली जलाने के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाए और किसानों को बेलरों सहित अन्य साधन समय पर उपलब्ध कराए जाएं। उपायुक्त ने कहा कि पटवारी और ग्राम सचिवों की ड्यूटी तहसीलदारों के माध्यम से सुनिश्चित की जाए, ताकि हर स्तर पर निगरानी रखी जा सके।

## पानीपत कार्यकारिणी की तीसरी सूची जारी की

**पानीपत।** ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने शुक्रवार को जिला पानीपत कार्यकारिणी की तीसरी सूची जारी की है।



जिसमें झाम्बा सरपंच महेश त्यागी, ताराचंद त्यागी सनौली कलां, अंकित त्यागी ताजपुर, सुरेन्द्र त्यागी झाम्बा, विनोद त्यागी सनौली खुर्द, अमरीश त्यागी बिहोली, सरपंच मतरौली संजय शर्मा, सोमदत्त शास्त्री मिर्जापुर, जयकरण शर्मा मिर्जापुर, जयकरण शर्मा जलमाना, नंद गोपाल शर्मा से.25, मनीष शर्मा एकता कालोनी, धर्मबीर शर्मा पप्पल धनसौली, मा.राजेश, मा.अजय, मा.जवाहर लाल शर्मा, सरपंच नन्हेड़ा नवीन, मा.सतनारायण शास्त्री सनौली, कृष्ण शर्मा, चन्देश कुमार, ज्ञानीराम, बजिन्द्र, अजय, संदीप शर्मा हैप्पी, जयभगवान शर्मा, जितेंद्र कौशिक, राजीव शर्मा कवी व संजय शर्मा कालखा को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है।

## भाजपा सरकार हर मोर्चा पर फेल



पानीतप। कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष रमेश मलिक संबोधन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ जनता के मुद्दों के साथ-साथ कई अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा की

कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिला पानीपत ग्रामीण अध्यक्ष रमेश मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, हर घर कांग्रेस अभियान और जनता के मुद्दों के साथ-साथ कई अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। वोट चोरी के खिलाफ संघर्ष एवं सिग्नेचर अभियान चलाने पर विचार, प्रत्येक क्षेत्र में बूथ लेवल एजेंट बनाने बारे, संगठन निर्माण को मजबूत करने के लिए हल्का, ब्लॉक और बूथ स्तर पर संगठन विस्तार बारे चर्चा की गई। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता सचिन कुंडू, खुशीराम जागलान, दीपक खटकर, प्रियांश मलिक, मोहकम छोकर, आजाद मलिक, जयविंदर हुड्डा, सतेंद्र जांगड़ा, धर्मेन्द्र अहलावत, बिंटू मलिक, सतपाल रोड़, सतपाल वाल्मीकि, मनीष मलिक, दीपक मलिक, मोहित आदि मौजूद रहे।

## चौ. देवीलाल ने हमेशा कमेरे वर्ग के लिए संघर्ष किया : रणवीर

■ ताऊ देवीलाल के सम्मान में ऐतिहासिक होगी इनेलो की रोहतक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

इनेलो के वरिष्ठ नेता चौधरी रणवीर सिंह देशवाल ने कहा कि ताऊ देवीलाल कमेरे वर्ग के मसीहा था, उन्होंने ताउम्र देश के कमेरे वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं किया, बल्कि कमेरे वर्ग को अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट कर मुख्य धारा में शामिल किया। देशवाल ने दावा किया कि ताऊ देवीलाल की याद में 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने जा रही इनेलो की रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में हरियाणा ही नहीं बल्कि दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वे नेता व प्रबुद्ध नागरिक भी भाग लेंगे जो चौधरी देवीलाल के सहयोगी रहे और उनकी विचारधारा पर चल कर देश, समाज व मानवता की सेवा कर रहे है। वहीं, देशवाल ने शुक्रवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव निंबरी, बबैल, राजाखेडी, खोतपुरा, चंदौली, शिमला मौलाना, निजामपुर आदि का दौरा कर ग्रामीणों को ताऊ देवीलाल की याद में आयोजित होने जा रही रैली का न्यौता दिया।


इनेलो नेता चौधरी रणवीर देशवाल।

## पर्यावरण को घना करें ग्रामीण: लक्ष्मी

■ वृक्ष हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

महिला एवं बाल विकास विभाग की और से सेवा पखवाडा व पोषण माह अभियान के तहत जलालपुर प्रथम गांव के आगंनवाडी केन्द्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग बापौली की सीडीपीओं लक्ष्मी देवी व सुपवाइजर शीला देवी के नेतृत्व में 'एक पेड़ मी के नाम' थीम पर एक फलदार वृक्ष रोपित किया गया है। इस दौरान जागरूक कार्यक्रम में भाग ले रहे बच्चों व महिलाओं को आगनवाड़ी वर्कर्स पूजा रानी ने जागरूक करते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और लोगों में जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। साथ ही जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, तापमान नियंत्रण और जैव विविधता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को वृक्षों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया गया।



पानीपत। पर्यावरण को घना करने का संदेश देते हुए बालक। फोटो :हरिभूमि

## देवी मंदिर में रामलीला का भूमि पूजन किया


पानीपत। श्री देवी मंदिर में झंडा रस्म पूजा करते अतिथिगण आदि।

**पानीपत।** श्री रामलीला कमेटी देवी मंदिर के 156वें श्री रामलीला महोत्सव के मंचन लिए शुक्रवार को श्री देवी मंदिर में भूमि पूजन किया गया। वार्षिक श्री राम लीला महोत्सव 20 सितम्बर झंडा श्री हनुमान जी महाराज के समारोह से प्रारम्भ होकर तीन अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक के अवसर पर विराट कवि सम्मेलन के आयोजन के साथ सम्पन्न होगा। वहीं, भूमि पूजन से पहले श्री हनुमान चालीसा का पावन पाठ किया गया। इस अवसर पर सुशील सिंगला, गोबिंद गोयल, आदर्श गुप्ता, मनोज सिंगला, उपप्रधान मनोज गोयल, कोषाध्यक्ष संजय बंसल, सह सचिव विरेंद्र बंसल, संचालन समिति सदस्य निगम पार्षद नवल जिंदल, विनय सिंगला, बृज भूषण गर्ग, गंगा राम मंगला, अमित राज गुप्ता, अशोक गोयल, अनिल गर्ग, राजेन्द्र गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, राजेश गर्ग, सचिन मंगला, सर्वेश सिंगला, सुमित मितल, प्रेम गर्ग, सचिन गर्ग, मनमोहन अग्रवाल, जीवन मंगला व संजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## पर्यावरण को घना करने में जुटे है शिक्षा अधिकारी


पानीपत। डाइट में पौधरोपण करते हुए डिप्टी डीईओ सुनीता कादियान आदि। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ पर्यावरण जितना अधिक होगा जनता उतनी ही सुखी होगी

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पानीपत डाइट प्रांगण में डिप्टी डीईओ सुनीता कादियान ने नगर निगम सफाई कर्मचारियों संग मिलकर बड़, पीपल और नीम की त्रिवेणी लगाई। डिप्टी डीईओ सुनीता कादियान ने बताया कि हमें हर शुभ अवसर पर पौधरोपण करना चाहिए। जिससे हम स्वच्छ और साफ वातावरण में रहकर निरोगी जीवन जी सकें। उन्होंने जनता से अपील की कि जहां भी जगह हो वहां पर पौधा रोपे व उसकी जवान होने तक देखभाल करें। पर्यावरण जितना अधिक होगा जनता उतनी ही सुखी होगी। वहीं पानीपत कब डीओसी हरिओम ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निगम सफाई कर्मचारियों के साथ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रांगण में साफ सफाई की पौधरोपण में सहयोग किया।

## साहित्य से जुडाव करें विद्यार्थी


पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक, विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा एमए इंग्लिश के विद्यार्थियों के लिए फेमिनिस्ट क्रिटिसिज्म विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। जिसका शुभारंभ प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने करते हुए साहित्य की महत्ता की जानकारी देते हुए कहा कि साहित्य, विद्यार्थियों को सोचने, संवाद करने और मानवीय स्वभाव की जटिलताओं को समझने में मदद करता है। इसके मद्देनजर विद्यार्थियों को साहित्य के साथ जुडाव करना चाहिए। विद्यार्थी अपने जीवन को जितना अधिक साहित्यक बनाएंगे, उतना ही सुखी उनका जीवन होगा। वहीं, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने से छात्रों की अभिव्यक्ति क्षमता, आलोचनात्मक सोच तथा भाषिक कौशल का विकास होता है।

## न्यूज डायरी

### हत्या की धमकी देने वाले पर केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना की छोटू राम कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते सतपाल पुत्र दिलीप सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है। वहीं, सतपाल को यह धमकी मारपीट के पुराने केस में समझौता कर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने के लिए दी गई। इधर, सतपाल की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने आरोपी आशीष पुत्र धर्मपाल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के फौजी नगर में जमीनी विवाद में पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में फरार चल रहे नौवें आरोपी घरौंडा निवासी केहर सिंह को सीआईए वन पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं, सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि इस मामले में पहले एक नाबालिग सहित आठ आरोपी पकडे जा चुक है। जबकि इस केस में थाना माडल टाउन में शांति नगर माडल टाउन निवासी धर्मराज की शिकायत पर केस दर्ज है।

### जुआ खेलते दो पकड़े

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस टीम ने पुराना औद्योगिक क्षेत्र में शराब ठेके के पास जुआ खेल रहे गंगाराम कॉलोनी निवासी आफताब पुत्र खुशरूद्दीन व गोपाल कॉलोनी निवासी सतीश पुत्र हवासिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश पत्ते व दाव पर लगी 16 हजार रुपये की नगदी बरामद हुई है।

### कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने चक्षु पुत्र जनेश्वर निवासी गांव पट्टीकल्याणा जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी पर थाना समालखा में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### सांसद खेल महोत्सव के लिए युवाओं को दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** महात्मा ज्योतिबा फूले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में आज सांसद खेल महोत्सव पंजीकरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर और उन्हें सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना था।

## सीबीएससी नेशनल शूटिंग में सानिध्य ने मेडल जीता

**पानीपत।** पाइट संस्कृति स्कूल हुडा सेक्टर 25 हुडा के दसवीं कक्षा के छात्र सानिध्य श्योराण ने राष्ट्रीय स्तर पर 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। विदित हो कि सीबीएससी की नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप ग्रेटर नोएडा में किया गया। प्रतियोगिता में पानीपत जिले के खिलाड़ी सानिध्य ने पहले नार्थ जोन में सिल्वर मेडल व अब नेशनल लेवल पर ब्रॉन्ज मेडल जीतकर न केवल स्कूल व जिले का बल्कि हरियाणा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमकाया।



पानीपत। पाइट का सानिध्य श्योराण अथितियों से मेडल ग्रहण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## रामलीला में लक्ष्मण मूर्छा प्रसंग का किया मंचन

■ दर्शकों ने तालियों एवं जय श्रीराम के जयघोष के साथ इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

लाडवा की संगम मार्कीट में सुगनी देवी स्कूल के सामने चल रही जय भारत कला मंच द्वारा आयोजित रामलीला में गत रात्रि रामायण के लक्ष्मण मूर्छा प्रसंग का एक भव्य और भावपूर्ण मंचन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह नाट्य प्रस्तुति रामायण की गहन भावनाओं, भाईचारे और प्रभु श्रीराम की भक्ति को जीवंत करने में पूरी तरह सफल रही।


लाडवा। रामलीला में अपने-अपने रोल अदा करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

## पानीपत के सिविल अस्पताल में मोटिविशनल लेक्चर का आयोजन

# मुक्त होकर लोगों का उपचार करें चिकित्सक : परूथी

डॉक्टर्स ने राजीव परुथी का बुके देकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के सिविल अस्पताल में शुक्रवार को मोटिविशनल लेक्चर का आयोजन हुआ। जिसे पीसीसी एकेडमी के निदेशक डॉ.राजीव परुथी ने संबोधित किया। यहां डॉक्टर्स ने राजीव परुथी का बुके देकर स्वागत किया। वहीं राजीव परुथी ने कहा कि इस संसार में भगवान के बाद दूसरा स्थान डॉक्टर का रखा गया है। डॉ.राजीव परुथी ने कहा मैं अपने आप को बड़ा सौभाग्यशाली समझता हूं कि सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स को मोटिवेशनल लेक्चर देने के लिए पहुंचा हूं। डॉ.राजीव परुथी ने कहा सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जिस प्रकार संसार में हर इंसान अपना अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं, उसी प्रकार हमें भी घर जाकर अपना किरदार निभाना चाहिए। डाक्टर वाली बातें हर जगह हर वक्त नहीं करनी चाहिए। हमें अपने जीवन की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। काम करते-करते मानसिक तनाव होना आम बात है। परंतु डाक्टर के मन में मानसिक तनाव होगा तो वह पेशेंट का मानसिक तनाव कैसे दूर करेगा। चिकित्सक मुक्त होकर लोगों का उपचार करें अच्छे डाक्टर की पहचान अच्छी दवाई देना नहीं है। अच्छी स्माइल के साथ उसे बात करना है, उसे महसूस कराना है कि आप ठीक हो जाएंगे। मुझे लगता है इससे रोगी का रोग आधा ठीक हो जाता है। डा.श्यामलाल ने कहा आज का युग 21वीं सदी का युग है। हमें अपडेट रहना चाहिए।


पानीपत। पीसीसी एकेडमी के निदेशक डॉ.राजीव परुथी को सम्मानित करते हुए चिकित्सकगण। फोटो :हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

इस मौके पर डा. केतन, डा. आशीष, डा. नीलम, डा. सुनीता, डा. अमित मौर्या व रुचिका आदि उपस्थित रहे।

## नृत्य प्रतियोगिता में महक रानी रजवंत कौर व रजनी रहे विजेता

**लाडवा।** लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज में चल रही दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई। समापन दिवस पर नृत्य, गायन, वाद्य यंत्र वादन इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कालेज प्राचार्य डा.कुशल पाल व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर कालेज के शिक्षकों द्वारा भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शन किया गया। डा.अमित वर्मा ने अपने गीतों द्वारा विद्यार्थियों व शिक्षकों को झूमने पर विवश कर दिया। कालेज प्राचार्य डा. कुशल पाल ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। क्योंकि इन गतिविधियों में भाग लेने से छात्र-छात्राओं की छुपी हुई प्रतिभाएं सामने आती है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

सचिन जैन पुत्र स्व. श्री नरेश चन्द्र जैन पुत्र श्री तारा चन्द जैन निवासी मकान नं. 186 न्यू रमेश नगर तहसील कैम्प पानीपत व आदि

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सचिन जैन पुत्र श्री नरेश चन्द्र जैन निवासी मकान नं. 186 न्यू रमेश नगर तहसील कैम्प पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक स्व. श्री नरेश चन्द्र जैन पुत्र श्री तारा चन्द जैन की दिनांक 26.06.2022 को मृत्यु हो चुकी है। व मृतक की पत्नी स्व. श्रीमति शकुन्तला जैन पत्नी श्री स्व. श्री नरेश चन्द्र जैन पुत्र श्री तारा चन्द जैन का दिनांक 02.07.2007 को देहान्त हो गया है। प्रार्थी के माता पिता के देहान्त बाद के निम्नलिखित वारिस हैं 1. सचिन जैन (पुत्र) 2. मोनिका (पुत्री) जायज वारिस हैं। मृतक की माता स्व. श्रीमति असरफी देवी का अरसा पहले देहान्त हो गया है। इसके अलावा अन्य कोई वारिस ना है जयदीप पार्षद वार्ड नं. 5 नगर निगम पानीपत व सुभाष पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के अलावा मृतक स्व. श्री नरेश चन्द्र जैन पुत्र श्री तारा चन्द जैन का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री नरेश चन्द्र जैन पुत्र श्री तारा चन्द जैन के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 19.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी शुभम व जगतार उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 के निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि इस मामले के में शिकायतकर्ता जतिन ने 17 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एसडी कॉलेज के पास से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कबूतरबाजी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है। गौरसियां के अमित कुमार ने 26 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 जुलाई 2024 से 28 नवंबर 2024 के दौरान आरोपी हरविंद्र सिंह व अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में धोखाधड़ी से उससे एक बड़ी रकम हड़पने बारे और पैसे वापिस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ई-रिक्शा चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी गौरव व ऋषभ को गिरफ्तार किया है। पीडित महिला ने 12 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि अंबाला छावनी से किसी आरोपी ने ई-रिक्शा चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### मां भगवती का जागरण 26 सितंबर को होगा

**बराड़ा।** प्रयास समाज सेवा संस्थान की ओर से 26वां विशाल भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन 26 सितंबर की रात्रि को मुख्य बाजार में होगा। इस संबंध में अग्रवाल धर्मशाला में संस्था की एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान विशाल सिंगला और कार्यक्रम संयोजक सुनील जैन ने की। बैठक में कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सह-कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, विजेंद्र बंसल, अमन गर्ग, अजय गर्ग, लकी भराड़ा, शुभम भराड़ा, संदीप भी मौजूद रहे।

### टैलेंट शो का हुआ समापन

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय टैलेंट शो का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना से की गई। आयोजन प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क, युवा कल्याण क्लब की संयोजिका डॉ. नवनीत कौर और मेंबर सीमा सैनी की देखरेख में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता कपूर और रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर शम्मी चावला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

### विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग करवाई

**बराड़ा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान होली में सेवा पखवाड़े के करियर कांउसिलंग का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा व उप प्रधानाचार्य सुल्तान सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट अधिकारी अनिल आदि मौजूद रहे।

## अंबाला जिले में दो आईएमटी स्थापित होंगी

# अंबाला शहर में 1470 व नारायणगढ़ में 2300 एकड़ ई-भूमि पोर्टल पर अपलोड

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**

**पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने सीएम नायब सैनी का जताया आभार**

एमएसएमई विभाग द्वारा शुक्रवार को किंगफिशर पर्यटन स्थल में उद्यमियों के लिए एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला व वशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपायुक्त अजय सिंह ने शिरकत करते हुए दीप शिखा प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उद्यमी औद्योगिक क्षेत्र में आगे बढ़ सकें इसके लिए एचईईपी पॉलिसी 2025 के तहत क्रियान्वित योजनाओं को प्रेजैटेंशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर एमएसएमई विभाग द्वारा यहां पर आयोजित वर्कशाप की सराहना करते कहा कि उद्यमियो और एमएसएमई के बीच बेहतर समन्वय होना बेहद आवश्यक है ताकि उद्यमियों को विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे जानकारी मिल सके और उद्यमियों की जो भी समस्याएं है उनको विभाग जानकार उनका निवारण कर सके। उन्होंने कहा कि यह अंबाला के लिए बडे ही गर्व की बात है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 10 आईएमटी के लिए स्वीकृति मंजूर की है जिसमें अंबाला के लिए 2 आईएटी शामिल हैं। इनमें एक अंबाला शहर व नारायणगढ़ शामिल हैं। आईएमटी के इस कार्य के लिए उन्होने मुख्यमंत्री का धन्यवाद भी किया और कहा कि इससे निसंदेह जहां रोजगार के अवसर पैदा होंगे वहीं औद्योगिक क्षेत्र की दृष्टि से अम्बाला जिले का विकास भी होगा। उन्होने कहा कि आईएमटी के लिए पहले चरण के तहत अंबाला शहर में 1470 एकड़ भूमि व नारायणगढ़ में 2300 एकड़ भूमि ई-भूमि पोर्टल पर अपलोड कर ली गई है। गोयल ने इस अवसर पर यह भी कहा कि उद्यमी औद्योगिक क्षेत्र में आगे बढ़े, इसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र से जुडे उद्यमियों को आगे बढने के लिए दो चीजों की बेहद आवश्यकता होती है जिसमें फाइनेंशियल स्पॉट दूसरा सोशल स्पॉट रहती है। आप अपने व्यवहार व नियत से इस क्षेत्र में आगे बढक़र कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर उद्यमियों के लिए योजनाएं क्रियान्वित की हुई है वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रीज ग्रोथ करती है निसंदेह उससे देश की प्रगति भी होती है।



**अंबाला।** कार्यक्रम में मौजूद पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य।

### रोजगार के अवसर बढ़े

उन्होंने यह भी कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय की विचारधारा के अनुरूप तथा उनके दिखाए गए मानवता के संदेश को लेकर समाज के अंतिम छोर में खडे व्यक्ति का विकास करने का कार्य कर रही है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार उद्यमियों के साथ-साथ हर क्षेत्र के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मेक इन इंडिया व स्टार्ट अप के तहत युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं। पूर्व की सरकारों ने 518 स्टार्ट अप हुआ करते थे लेकिन वर्तमान सरकार ने इनमे बढौतरी की है।

### योजनाओं की जानकारी दी

*पूर्व राज्यमंत्री ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वे मुख्यमंत्री के समक्ष उनकी इस मांग को रखेंगे और पूरा प्रयास करेंगे कि उनकी यह जो मांग है उसका जल्द से जल्द निवारण हो। इस मौके पर वशिष्ठ अतिथि के तौर पर पहुंचे उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने भी कहा कि उद्यमी जिस मुकाम पर पहुंचे हैं वह अपनी मेहनत के बल पर पहुंचे है। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों को कहा कि वे एमएसएमई विभाग द्वारा जो भी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है उसका लाभ उठाकर अपने उद्योगों का विस्तार करें। उन्होंने यह भी कहा कि उद्यमियों के लिए सिंगल विंडो चलाई हुई है जिस पर उद्योग स्थापित करने के लिए जो भी आवश्यक हिदायतें होती है उस बारे जानकारी उपलब्ध है। उद्यमियों को और राहत मिल सके इसके लिए सिंगल पोर्टल पर भी चर्चा की जा रही है ताकि वाटर, बिजली कनेक्शन से संबंधित जो भी कार्य है वह भी तीव्रता से हो सके। इस मौके पर एमएसएमई के संयुक्त निदेशक दीपक नरवाल ने मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथि का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे विस्तार से जानकारी दी। मौके पर डीआरपी मनन कालड़ा, एमएसई विभाग से मयूर, अचिंत्य, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, गौरव गुप्ता के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों से जुडे उद्यमीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।*



**बराड़ा।** राहत सामग्री भेजते हुए ट्रस्ट के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

## गांव केसरी से ट्रक रवाना

# पंजाब में बाढ़ राहत के लिए भेजी सामग्री

- जीवन को सामान्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा**

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) और एसएचएसजी चेरिटेबल ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से पंजाब के फिरोजपुर जिले में हाल ही में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए राहत कार्य शुरू किया है। इस कड़ी में गांव केसरी से एक ट्रक राहत सामग्री भरकर रवाना किया। यह पहल बाढ़ पीड़तिों को सहायता प्रदान करने और उनके जीवन को सामान्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर एसएचएसजी चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वर्णजीत सिंह ने बताया कि पिछले लगभग 25 दिनों से बाढ़ राहत कार्यों में उनकी पूरी टीम स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य कर रहे हैं । उन्होंने कहा इस संकट की घड़ी में हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों। हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचे और समाज में एकजुटता का संदेश जाए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट अपने सह-प्रायोजक डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से प्रभावित परिवारों को लगभग 50 लाख रुपये कीमत के शहद, नारियल तेल, खांसी की दवा और रियल जूस वितरित करेगें। यह संयुक्त प्रयास न केवल बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए राहत प्रदान करेगा, बल्कि सामाजिक एकजुटता और मानवता की भावना को भी मजबूत करेगा। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि इस संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता दिखाएं और पुनर्वास के लिए सहयोग करें। इस दौरान वागीश शर्मा, पवन पराशर, रिंपल चौहान (पूर्व सरपंच), राहुल मित्तल, विकास मित्तल, अंकित, गुरमीत सिंह, गुरदीप, अजय, शुभम मित्तल, जसबीर, अनु, बंसी लाल, वीरभान आदि रहे।

# पौधरोपण करने का किया आह्वान

- नमो वन कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने लगाए 75 पेड़

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार महेश नगर मंडल ने 75 पेड़ लगाने के लिए इंडसट्रियल एरिया पार्क में /"नमो वन/" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें इंडसट्रियल एरिया से गोपी सहगल, सुभाष धीमान, सुभाष मित्तल, अखिल गुप्ता, मगन रस्तोगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक विजेंद्र चौहान , सहसंयोजक पुनीत सरपाल , फकीर चंद सैनी मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा , प्रवेश शर्मा , रवि बुद्धिराजा , मनोज पार्षद जसवीर सिंह जस्सी,सुदर्शन सहगल पार्षद शाम अरोड़ा , सोमनाथ , भोली बिंद्रा, रेनू चौहान , रमन छतवाल , भूपेश शर्मा, रश्मि वर्मा, नरेश शर्मा आरती सहगल, नीरज शर्मा, नेहा पुरी, सुरेंद्र कौर,रंजू वर्मा, अंजली वर्मा, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**अंबाला।** वन कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

# कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ किया जागरूक

- सभ्रांत लोगों को भी मुहिम में शामिल होने का दिया निमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना**

आशा वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कस्बे में भ्रूण हत्या के खिलाफ चलाए जा रहें अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर प्रचार किया। सभ्रांत लोगों को कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध चलाए गए अभियान में सहयोग व समर्थन करने की अपील की! आशा वर्कर यूनियन की जिला सचिव कविता शर्मा ने कस्बे के सरपंच प्रवीण कुमार व ग्राम पंचायत को 24 सितंबर को देवी मंदिर हॉल में होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। अन्य गणमान्य नागरिकों पूर्व सरपंच नरेश चौहान, कैप्टन जसमेर सिंह, रिटायर्ड सूबेदार मेजर कुलदीप चौहान, रिटायर्ड जेई कुलदीप, अविनाश व नम्बरदारों तथा समाज सेवक संस्थाओं व मंदिर कमेटियों के पदाधिकारिओ को निमंत्रण पत्र द्वारा आमंत्रित किया है ! ज्ञाताव्य हैं कि आशा वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी ने एक सितंबर से सभी जिलों में कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ प्रचार अभियान जारी कर रखा है।



**मुलाना।** सरपंच प्रवीण कुमार को निमंत्रण देती आशा वर्कर्स। *फोटो: हरिभूमि*

### अभियान जारी

मुलाना कस्बे में ये जत्थे 24 सितंबर को दोपहर 2:30 बजे आने का कार्यक्रम है जिसका हल्के की तमाम आशा वर्कर बहनें स्वागत करेंगी! जत्थों द्वारा प्रचार अभियान का 26 सितंबर 2025 को कुरुक्षेत्र में समापन होगा। ममता ने बताया कि प्रदेश में विशेष कर जिले में घटता लिंगानुपात चिंता का विषय बना हुआ है। इसका मुख्य कारण कन्या भ्रूण हत्या माना जाता है। आशा वर्कर्स पिछले 3 महीने से युद्ध स्तर पर इस चुनौती का सामना करने के लिए योजनाएं बना रही है, सेमिनार कर रही हैं, और हर प्रकार के प्रयत्नशील है ! आशा वर्कर ने कस्बे के लोगों को 24 तारीख को होने वाले इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है।

# दो महीने से पेयजल पाइप लाइन लीक, लोग दु:खी

- विभाग से पाइपलाइन को जल्द ठीक किए जाने की गुहार लगाई
- ढुलमुल रवैये के दूषित पानी पीने को होना पड़ रहा मजबूर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा**

**शिकायत के बावजूद नहीं हुआ समाधान**

हारट्रोन कंप्यूटर सेंटर वाली गली में पीने के पानी की पाइपलाइन पिछले काफी समय से लीक हो रही है। बताया जा रहा है कि यह पाइपलाइन पिछले करीब दो महीने से लीक हो रही है। यहां के रहने वाले अनिल कुमार, टिक्का राम, संदीप, राज, दिनेश ने बताया कि उन्होंने विभाग के कर्मचारियों को भी कहा लेकिन इसके बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है। पाइलाइन के लीक होने के कारण उनके घरों में गंदा पानी आ रहा है। जिस कारण यहां के लोग परेशान है। बता दें कि इसी गली में एक कम्पयूटर सेंटर भी है जहां पर काफी संख्या में बच्चे कंप्यूटर सीखने को आते हैं लेकिन विभाग के ढुलमुल रवैये के कारण उनको भी गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग से पाइपलाइन को जल्द ठीक किए जाने की गुहार लगाई है।

# छात्रों ने जंगल सफारी का लिया आनंद

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा**

डीएवी स्कूल में छात्रों के लिए एक अनोखी और शैक्षिक गतिविधि जंगल सफारी, जू विजिट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को विभिन्न प्रकार के जानवरों से परिचित कराना और उनके संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर स्कूल परिसर को जंगल का रूप दिया गया, जहां वाइल्ड एनिमल्स, पेट एनिमल्स और वाटर एनिमल्स की विभिन्न प्रजातियों के मॉडल्स प्रदर्शित किए गए। जिराफ़, लॉयन और अन्य जानवरों के आकर्षक मॉडल्स ने विद्यार्थियों का ध्यान खींचा और उन्हें वास्तविक अनुभव प्रदान किया।



**बराड़ा।** जंगल सफारी का आनंद लेते हुए विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

### जानवर हमारे पर्यावरण का हिस्सा

बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इस सफारी का भ्रमण किया और जानवरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। स्कूल की प्रिंसिपल ने इस पहल की सराहना करते कहा कि जानवर हमारे पर्यावरण का अभिन्न हिस्सा हैं और उनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है।

# खुद डिजिटल गेट पास निकाल पाएंगे किसान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**

**धान की फसल बेचने के लिए किसानों को नहीं लगना पड़ेगा लाइन में, शहर की अनाजमंडी में सफाई न होने से किसान परेशान**

जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक शुरू हो चुकी है। इसके लिए अभी किसानों के मैनुअल गेट पास काटे जा रहे हैं जबकि पोर्टल खुलने पर ऑनलाइन गेट पास कटने शुरू होंगे। किसान खुद भी मोबाइल एप के जरिए आवेदन कर डिजिटल गेट पास काट सकते हैं। यह सुविधा भी किसानों को दी जाएगी। मंडी में आने पर किसान को डिजिटल जनरेट हुए कोड को स्कैन करवाना होगा। मंडी में पोर्टल पर किसानों की सभी जानकारी आ जाएगी, इससे मंडी कर्मचारियों को किसानों की जानकारी पोर्टल पर भरने में समय नहीं लगेगा और किसानों को भी लंबी लाइनों से राहत मिलेगी। किसानों को डिजिटल पोर्टल पर गेट पास जनरेट करने के लिए मोबाइल नंबर, बैंक खाता समेत अन्य जानकारी डालनी होगी। उधर किसान नई अनाज मंडी में अभी सफाई न होने से बेहद परेशान हैं। उनका आरोप है कि यहां नालियां गंदगी से अटी पड़ी है। इसके अलावा कुछ फॉग व स्ट्रीट लाइट भी नहीं जलती जिससे रात के अंधेरे में किसानों को अभी दिक्कत आ रही है।

# पुरानी दिल्ली रोड पर चला पीला पंजा, नाले पर बने थड़े तोड़े गए

**अंबाला।** पुरानी दिल्ली रोड पर निगम ने पुराने सेशन कोर्ट के सामने शोरूम के आगे नाले पर बने थड़े और रैंप को तोड़ दिया है। निगम की टीम ने दोपहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। निगम ने हाइकोर्ट में कार्रवाई कर जवाब देना है। यह कार्रवाई कार्यकारी अभियंता ओम दत्त की देखरेख में की गई। नगर निगम टीम अर्थमूविंग मशीन लेकर अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची। टीम के साथ पुलिस और होमगार्ड जवान भी यहां तैनात रहे। निगम का पीला पंजा देखकर शोरूम मालिक और कर्मचारी खुद भी अपने बोर्ड हटाने लगे। निगम टीम ने नाले पर बने अतिक्रमण को हटाया। निगम के कार्यकारी अभियंता ओम दत्त ने बताया कि निगम ने नाले पर बने अतिक्रमण को हटाकर हाइकोर्ट में जवाब देना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय की ओर से लाइव वेबिनार का आयोजन

# क्वांटम कम्प्यूटिंग के सिद्धांतों और उनके व्यावहारिक उपयोग पर रोचक जानकारी दी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**

एमडीएसडी कॉलेज के छात्रों ने राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय एवं एनडीएलआई क्लब द्वारा व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित वैश्विक वेबिनार में उत्साहपूर्वक भाग लिया। ऑनलाइन कार्यक्रम यूट्यूब पर लाइव आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अभिजीत रॉय ने क्वांटम कम्प्यूटिंग के सिद्धांतों एवं उनके व्यावहारिक उपयोग पर रोचक जानकारी सांझा की। बताया कि किस प्रकार चिकित्सा, साइबर सुरक्षा, वित्त एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्रों में क्वांटम तकनीक क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है।



**अंबाला।** वेबिनार में हिस्सा लेते छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

### प्रमाणपत्र सौंपे

संचालन की भूमिका क्लब की सीनियर आउटरीच मैनेजर मणली चौधरी सेनगुप्ता ने निभाई, जबकि संयोजन सुजाता रॉय ने किया। छात्रों ने इस वेबिनार से नई तकनीकी जानकारियां प्राप्त की। क्वांटम कम्प्यूटिंग के भविष्य को लेकर गहन समझ विकसित की। प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को एनडीएलआई क्लब पोर्टल से प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान अरविंद अग्रवाल , कोषाध्यक्ष अनित बिंदल एवं समस्त कार्यकारिणी, प्राचार्या कर्मजीत कौर तथा उप-प्राचार्या निशु बंसल जी ने डॉ. कौशल चौहान के कार्य की सराहना की। उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे वैश्विक आयोजनों में भाग लेने हेतु छात्रों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। क्लब की अध्यक्ष के रूप में डॉ. कौशल चौहान ने विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों तक इस कार्यक्रम की सूचना पहुंचाई और उन्हें क्लब का सदस्य बनाकर इन वैश्विक आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि "इस प्रकार के वैश्विक कार्यक्रम विद्यार्थियों के दृष्टिकोण का विस्तार करते हैं उन्हें नई शोध प्रवृत्तियों, प्रौद्योगिकी एवं वैश्विक विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

### डिप्लोमा फार्मेसी कोर्स में शुरू नहीं हो पाए दाखिले

**अंबाला।** तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स के बाद दो वर्षीय डिप्लोमा फार्मेसी कोर्स में शुक्रवार को दाखिले शुरू होने थे लेकिन यह दाखिले शुरू नहीं हो पाए। अब तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से दोबारा तारीख घोषित करने के बाद यह दाखिले किए जाएंगे। पहले यह दाखिले 21 सितंबर तक होने थे।

मेरिट में नाम आने वाले अभ्यर्थियों को संस्थानों में जाकर रिपोर्ट करनी थी। वहीं, डिप्लोमा फार्मेसी कोर्स के लिए कल्पना चावला राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में 60 सीट हैं। इन 60 सीट पर दाखिले के लिए 120 आवेदन आ चुके हैं। फार्मेसी कोर्स में दाखिले के लिए काफी रुझान रहता है। प्रदेशभर में फार्मेसी में दाखिले के लिए 5 जून से लेकर 27 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे।